हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 311 देहरादून, मंगलवार, 06 जून, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर घोषणा, 4 जनपदों में साईकिल ट्रैक बनाये जायेंगे 3

# देवभूमि के स्वरूप को बनाये रखने के किये जा रहे प्रयास : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को ऋषिकेश स्थित होटल में एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रतिभाग कर राज्य से जुडे विभिन्न विषयों पर बेबाकी से अपने विचार रखे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के समग्र विकास की दिशा में की जा रही पहल एवं इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों पर भी विचार रखे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। इसके लिये अधिकारियों को उत्तरदायित्व के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही जन कल्याण से जुडी योजनाओं के निर्णयों को तत्परता से लागू करने के लिये अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड धर्म आध्यात्म एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला प्रदेश है। इसके मूल स्वरूप को बनाये रखने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के रूप में किया जाने वाला कृत्य तथा सरकारी भूमि पर किया जाने वाला अतिक्रमण किसी भी दसा में सहन नहीं किया जायेगा। सरकारी भूमि पर किया जाने वाला अतिक्रमण हटाने के लिये अभियान जारी रहेगा। अब तक 2700 हेक्टेयर भूमि अमिक्रमण मुक्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पूर्व की वसावटों को छेडा नहीं जायेगा। प्रदेश में बिना किसी तुष्टिकरण के सबका साथ, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास से समान रूप से सभी को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हमारा एक एक पल प्रदेश के समग्र विकास के लिये समर्पित है। 2025 तक उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में सामिल हो इस दिशा में हमारे प्रयास जारी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के विकास हेतु जो भी योजनायें स्वीकृत हुई हैं उन्हें पूर्णता की ओर ले जाने के लिये हम संकल्पबद्ध है। प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हो इसके लिये भी हम प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे है। प्रदेश में वित्तीय अनुशासन के साथ राजस्व प्राप्ति में वृद्धि योजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाली धनराशि के समयबद्धता, गुणवत्ता एवं समन्वय के साथ व्यय किये जाने के भी निर्देश दिये गये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जायेगा। राज्य में निवेश बढे, आर्थिक संसाधनों में वृद्धि एवं औद्योगिक वातावरण सृजन हो इसके लिये लैण्ड बैंक तैयार कर सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाया गया है।राज्य का शान्त वातावरण उद्यमियों के सर्वथा अनुकूल है। हमारा राज्य लीडर से अचीवर की श्रेणी में आये यह भी हमारा प्रयास है। पर्यटन, उधोग, कृषि आदि महत्पूर्ण विभागों की नीति तैयार कर स्वरोजगार की योजनाओं को बढावा दिया जा रहा है। प्रदेश का युवा स्वरोजगार से जुड कर रोजगार देने वाला बनेगा तो प्रदेश से पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पिछले 09 सालों में उत्तराखण्ड राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य को विभिन्न विकास योजनायें दी गई है। चार धाम ऑल वेदर रोड पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन पर तेजी से कार्य हो रहा है। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रगति पर हैं। प्रधानमंत्री जी ने गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास किया है। इससे आने वाले समय में यात्रा सुगम होगी। ऋषिकेश को सांस्कृति एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने विकास के नवरत्नों पर पर बोलते हुए बताया कि किस तरह विकास के नवरत्न के तहत चल रहे कार्य उत्तराखंड के लिए आने वाले दिनों में कितने अहम साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता ने जिस तरह पूर्व में लोकसभा की पाँचो सीटें जिताकर भाजपा को दी है, उसी तरह एक बार फिर उत्तराखण्ड की जनता पाँचो लोकसभा सीटें भाजपा को जिताकर तीसरी बार पुनः श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जनता से जो वायदे किये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा।

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली ही कैबिनेट में समान नागरिक संहिता के लिए ड्राफ्ट बनाने के लिए कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया, जिस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिसका ड्राफ्ट 30 जून तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता कमेटी की रिपोर्ट आने पर सभी विधि विशेषज्ञों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से बात कर कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन किया जायेगा एवं शीघ्र लागू किये जाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उत्तराखण्ड देश में इस कानून को लागू करने वाला पहला प्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रहने वाले सभी जाति, सभी पंथ, सभी मजहबों के लिये एक समान कानून उत्तराखण्ड में लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अच्छा कार्य व्यवहार, अच्छी कार्य संस्कृति, सुशासन, सेवा, संकल्प और गुड गवर्नेंस का कार्य अगर किसी ने किया है तो वो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था उस समय मोदी जी के मार्गदर्शन में देश में वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने के लिए दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बनाई गई। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सांस्कृतिक वैभव पुनः वापस लौट रहा है।उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून में 10 वर्ष की सजा तथा नकल माफिया की संपत्ति को जब्त करने का प्रावधान किया गया है, नकल में सम्मिलित कई लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को जड़ से खत्म करने के लिए हमने भारतवर्ष का सबसे सख्त कानून बनाया है जिसमें नकल कराने वाले व्यक्ति के लिए उम्र कैद तक का भी प्रावधान करने के साथ ही सारी सम्पत्ति जब्त करने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी नकल करने में एक बार पकड़ा गया तो 03 साल तक अगर वह इसमें फिर से संलिप्त पाया जाता है तो अगले 10 वर्षो तक वह किसी परीक्षा में भाग नही ले सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून आने पर अब अभ्यर्थियों का चयन उनके योग्यता, प्रतिभा एवं क्षमता के आधार पर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उड़ीसा के बालासोर में हुई भीषण रेल दुर्घटना में संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे समय में देश में राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा राजनीतिक पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोगों की मदद के लिये आगे आना चाहिये।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा चरम पर है, अब तक 20 लाख लोग चारधामों के दर्शन कर चुके हैं। लगभग 60 लाख यात्रियों के यात्रा पर आने का अनुमान है। राज्य सरकार सभी की सुखद यात्रा के लिये निरन्तर प्रयासरत है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड के 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 06 जून : उत्तराखंड में इन दिनों मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। कभी बादल छाए हैं तो कभी चटख धूप पसीने छुड़ा रही है हालांकि सोमवार से प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के छह जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान जताया है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिले के कुछ स्थानों पर तेज गर्जना और बिजली चमकने के साथ बारिश हो सकती है। प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश भर में 15 जून तक तापमान में बढ़ोतरी दिखाई देगी। इस बार मानसून चार-पांच दिन देरी से आएगा, तब





तक लोगों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ सकता है।हालांकि पर्वतीय जिलों में बारिश के चलते गर्मी से राहत मिल सकती है। इस बार प्री-मानसून में अच्छी बारिश हुई, जिससे गर्मी से काफी राहत मिली। केदारनाथ धाम में भी मौसम खुला हुआ है। इस बार प्री-मानसून में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। उधर, मौसम खुलने के बाद चारधाम यात्रा जोर पकड़ रही है। पंजीकरण कराने वालो की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। अब तक 41 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम में दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। फिलहाल जिन यात्रियों ने पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, उन्हें ही दर्शन की अनुमति दी जा रही है। कपाट खुलने के बाद से डेढ़ माह में 21 लाख से अधिक यात्री चार धाम के दर्शन कर चुके हैं।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुआ कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 103 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, इंश्योरेंश फ्राड, आपसी विवाद, नाली निर्माण करवाने, विद्युत बिल, अधिक आने,कैफे में देर रात तक गाने बजाने, भरणपोषण, तथा घर के आगे वाहन पार्क करने, सौर ऊर्जा संचालित हैंडपंप लगाने, घरों में गंदा पानी आने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने तहसीलदार त्यूनी को जसुनवाई से वर्चुअल माध्यम से न जुडने तथा बिना अनुमति के स्टेशन छोडने पर तहसीलदार त्यूणी का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि अपनी भूमि को कब्जामुक्त करें तथा रिकार्डरूम से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत भूमि का रिकार्ड प्राप्त करते हुए कार्यवाही करें। एक बुर्जुग महिला की पुत्रों द्वारा प्रताड़ित किये जाने की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक क्राइम को कार्यवाही के निर्देश दिए महिला को महिला को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय वाहन द्वारा भेजा गया। वहीं जिलाधिकारी जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित अधिकारी को भी वाट्सएप्प के माध्यम से निस्तारण हेतु प्रेषित कर रही है।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि क्रय विक्रय में धोखाधड़ी की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करनें साथ ही भूमि धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध गैंगस्टर में कार्यवाही करें। समस्त उप जिलाधिकारी, नगर निगम एवं एमडीडीए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाई करने के निर्देश दिए।

# केदारनाथ के लिए चाहिए थे हेली टिकट लग गया 92 हजार रुपये का चूना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 जून : अगर आप भी केदारनाथ हेलीकॉप्टर के टिकट बुक कर रहे हो तो सावधानी से करे, ऐसा ही एक मामला सामने आया है , केदारनाथ हेली टिकट का झांसा देकर ठग ने यात्रियों से 92 हजार 880 रुपए की ठगी कर दी। पैसे लुटने के बाद यात्री हैरान परेशान हैं। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश से 12 सदस्यों की एक टीम केदारनाथ दर्शनों के लिए आई थी। थाना गुप्तकाशी में तहरीर दी गई कि वो अपने साथियों के साथ केदारनाथ धाम के यात्रा लिए आये थे।

गुप्तकाशी पहुंचकर जाखधार रोड पर होटल नारायण में ठहरे हुए थे। जब उन्होंने हेलीकॉप्टर टिकट के लिए ऑनलाइन सर्च किया तो एक मोबाइल नम्बर मिला। जब नम्बर पर कॉल किया गया तो व्यक्ति ने खुद को पवन हंस हेली का एजेंट बताया। उसने कहा कि वो 12 हेली टिकट उपलब्ध करा देगा। इसके बाद उस शख्स ने गूगल पे के माध्यम से पेमेंट करने की बात कही। खाते में 92880 रुपए डाले गए। इसके बाद युवक ने यात्रियों को 12 हेली टिकट भेजे।

जब सुबह यात्री टिकट लेकर हेलीपैड पहुंचे तो पता चला कि सारे टिकट फर्जी हैं।जब दोबारा उस नम्बर पर कॉल किया गया तो उसने कॉल रिसीव नहीं की। इस ठगी के सम्बन्ध में थाना गुप्तकाशी में मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ

विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर टिकटों के नाम पर होने वाली ठगी से बचें, हेलीकॉप्टर टिकटों के लिए गूगल पर सर्च न करें, kedarnath helicopter ticket की बुकिंग अधिकृत वेबसाइट से ही करें।





# दूसरे राज्यों से उत्तराखंड आने वाले ध्यान दें, वरना एंट्री करते ही मिलेगा जबरदस्त जाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 06 जून : वीकेंड और चार धाम यात्रा के चलते हरिद्वार में भीषण जाम लगा हुआ है। हाईवे से लेकर जीरो जोन तक हर तरफ जाम ही जाम नजर आ रहा है। वीकेंड पर हरिद्वार में सैलानियों का सैलाब उमड़ा हुआ है। बदरीनाथ केदारनाथ से लेकर गंगोत्री यमुनोत्री जाने वाले श्रद्धालु हरिद्वार के रास्ते ही उत्तराखंड में प्रवेश करते हैं। हालांकि पुलिस ने पहले भी ट्रैफिक प्लान लागू किया था लेकिन यात्रियों की भीड़ ऐसी उमड़ी कि हर कोई परेशान नजर आया। हाइवे पर गाड़ियों का रेला दिखाई दे रहा है। जीरो जोन में भी पैदल यात्रियों की भीड़ लगी हुई। जहां देखिए वहां वाहन ही वाहन नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि हरिद्वार शहर में हरकी पैड़ी जाने वाली सड़क को जीरो जोन बनाया गया है लेकिन उसके बावजूद ई रिक्शा चलने और काफी संख्या में यात्रियों के आने से जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। इस भारी भीड़ में बीमार को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। कुल मिलाकर भीषण गर्मी में लोग जाम में फंसे हैं। पूरा शहर में जाम के झाम से जूझ रहा है। जाम खुलवाने के लिए सीपीयू के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वीकेंड पर काफी संख्या में गाड़ियां हरिद्वार आ रही है। ऐसे में जाम की स्थिति पैदा हो रही है। पुलिस कोशिश कर रही है कि जाम की स्थिति न बने।

## व्यापारियों ने किया शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर का विरोध

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर का विरोध किया है। इस संबंध में सोमवार को व्यापारियों ने लोनिवि के ईई अशोक कुमार को ज्ञापन सौंप विरोध जताया। उन्होंने फ्लाईओवर के बजाय सडक़ चौड़ीकरण करने की मांग की है। संगठन के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा कहा कि हल्द्वानी बाजार क्षेत्र एक व्यावसायिक मंडी के रूप में विकसित है। जिसमें नैनीताल-बरेली राजमार्ग में सडक़ कई जगह टेड़ी है और बाजार क्षेत्र भी बहुत संकरा है। यहां प्लाईओवर बनने से पूरा बाजार प्रभावित हो जाएगा। ऐसे में इस राजमार्ग को यथासंभव चौड़ा कर डबल लेन सडक़ निकाली जानी चाहिए। नैनीताल-बरेली राजमार्ग में मंगल पड़ाव क्षेत्र से लेकर कोतवाली तक ही सडक़ संकरी व टेड़ी है। इस क्षेत्र में भी सडक़ को चौड़ा किया जा सकता है। मुख्य राजमार्ग को चौड़ा करने की लागत फ्लाईओवर बनाने की लागत से बहुत कम होगी, इसलिए राजमार्ग का चौड़ीकरण बेहतर निर्णय होगा। मामले में ईई ने कहा कि अभी इस पर वार्ता चल रही है। जब पहला चरण फाइनल होगा उसके बाद व्यापार मंडल सहित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस से चर्चा की जाएगी। उसके बाद योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। यहां जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री हर्ष वद्र्धन पांडे, कौशलेंद्र भट्ट, संदीप गुप्ता, अनूप टंडन मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संगठन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि ओखलकांडा ब्लॉक के कुछ जनप्रतिनिधि शिक्षकों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। शिक्षकों को डरा धमका कर विद्यालय के अभिलेख दिखाने को बाध्य किया जा रहा है। इस प्रकार की कार्रवाई में नियमों की अवहेलना की जा रही है। विधायक को बताया कि ब्लॉक में कई विद्यालय अध्यापक विहीन हैं। 70 से 80 विद्यालय एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इसके बाद भी शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। ब्लॉक में उप शिक्षा अधिकारी का पद भी रिक्त है। ब्लॉक की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पद पर नियुक्ति किया जाना जरूरी है। मांग की गई की जनपद स्तर पर पदोन्नति सूची जारी कर रिक्त पदों को भरा जाए। चेतावनी देते हुए कहा गया कि शिक्षकों का उत्पीडऩ किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## सारथी फाउंडेशन ने लगाए पौधें

हल्द्वानी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सारथी फाउंडेशन समिति ने सेक्रैड हार्ट स्कूल के सामने उप्रेती बगीचे में फलदार पोंधे लगाए। कृषि विशेषज्ञ के रूप में सारथी के सदस्य एवं सेवानिवृत कृषि अधिकारी गिरिश चंद्र लोहनी की देखरेख में फलदार पौधों का रोपण किया गया। संस्था संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने सभी लोगों को पर्यावरण दिवस की बधाई दी। संचालन समन्वयक ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। यहां सुमित्रा प्रसाद, हितेंद्र उप्रेती, गिरिश लोहनी, उमेश सैनी, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पंत, मंजू सनवाल, जाकिर हुसैन, केतन जायसवाल, संतोष गौड़, शीला राणा, हेमा जोशी, भावना पांडे, तनुजा टकवाल, कमला जोशी, कला नेगी, तारा बिष्ट, रोली आदि मौजूद रहे।

## देश की 50 बेहतर कार्यप्रणाली में शामिल हुई बैणी सेना

हल्द्वानी। नगर निगम की बैणी सेना का चयन देश की 50 बेहतर कार्यप्रणाली में हुआ है। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि सरकार की बेवसाइट पर शहरी निवासियों के वोट के आधार पर चयन किया जा रहा है। हल्द्वानी में स्वच्छता स्तर को बढ़ाने व यूजर चार्ज का कलेक्शन के लिए बैणी सेना ने बेहतर काम किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिडकुल की कंपनी का सीएससी से ओएमयू साइन

हरिद्वार। सिडकुल की कैमरा बनाने वाली एक कंपनी ने जिले की सीएससी से ओएमयू साइन किया है। सीएससी के माध्यम से अब सीसीटीवी कैमरा, वाईफाई, डीवीआर, एनवीआर, नेटवर्क स्विच, फोरजी राउटर आदि बेचे जाएंगे। उत्तराखंड सीएससी हेड ललित बोरा ने कहा कि उत्तराखंड में नगर निगम के टैक्स भी अब सीएससी से जमा होंगे। पहले ऑफ लाइन होते थे। लेकिन अब सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन होंगे। जिला प्रबंधक सीएससी दीपक चौहान ने बताया कि जनपद में ब्लाक स्तर पर सीएससी आधार सेंटर खोले जाएंगे। इस दौरान रिसर्च एंड डेवलपमेंट उपाध्यक्ष मालविका पाठक, पीयूष गुप्ता, भूपेंद्र बिष्ट, संजय प्रजापति, संदीप शर्मा, सुप्रीत सैमुअल, बलवेंद्र सिंह, आदि मौजूद थे।

### घरों से मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। बहादराबाद पुलिस ने दो घरों में मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया है। बीती दो जून की रात बहादराबाद क्षेत्र निवासी देशराज और विपिन के घर से मोबाइल चोरी हो गए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किया था। रविवार में पुलिस को सूचना मिली कि मोबाइल चोरी के आरोपी को बहादराबाद में देखा गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। थाना प्रभारी अनिल चौहान ने बताया कि पंकज कुमार पुत्र कबाड़ी सिंह निवासी बोंगला को चोरी के पांच मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी युवक को कोर्ट से जेल भेज दिया।

### हरिद्वार में आठ जून को रोजगार मेला

हरिद्वार। जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभा जैन ने बताया कि आठ जून को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कार्यालय परिसर में रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार मेले में एकम्स फार्मा में ट्रेनी पद के लिए शैक्षिक लोगों का साक्षात्कार लिया जाएगा। बीएससी, एमएससी, फार्मा (केमिस्ट्री, बियोलॉजि) से पास हुए छात्र रोजगार मेले में आवेदन कर सकते है। पुरुष और महिलाओं के लिए आयु सीमा 23 से 26 वर्ष के मध्य है। चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह 10 से 15 हजार रुपये के मध्य वेतन दिया जाएगा। रोजगार मेले के लिए अभ्यर्थी का पंजीकरण नेशनल करियर सर्विस पोर्टल (ह्रष्टस्) 222.ठ्ठष्ह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर होना अनिवार्य है।

### गुलदार की चहलकदमी से बीएचईएल निवासियों में दहशत का माहौल

हरिद्वार। बीएचईएल क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी बढऩे से भेल कर्मियों और उनके परिजनों में दहशत का माहौल बन गया है। आए दिन राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क से बाहर निकल कर गुलदार सेक्टर तीन के रिहायशी क्षेत्रों में पहुंच रहा है। हाल के दिनों में क्षेत्र में गुलदार के डॉगी पर हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सोमवार को भी बीएचईएल सेक्टर तीन में गुलदार ने डॉगी का शिकार किया। वन क्षेत्रधिकारी दिनेश नौडियाल का कहना है कि राजाजी पार्क से सटा होने के कारण क्षेत्र में जंगली जानवर पहुंचते है। गुलदार कि सक्रियता की सूचना लगातर मिल रही है। गुलदार को पकडऩे की योजना पर कार्य चल रहा है। क्षेत्र में पिंजरा लगाने की अनुमति के लिए पत्र उच्च स्तर पर भेजा गया है। जल्द अनुमति मिलने पर क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाएगा।

### पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दें: डीएम

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एव वीवीपैट्स वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने ईवीएम एव वीवीपैट्स वेयरहाउस के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण भी किया। सभी का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान देने के साथ ही अन्य लोगों को भी पेड़-पौधे लगाने के लिये प्रेरित करें। इस मौके पर एडीएम पीएल शाह, सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता आरपी जखमोला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरूनेश पैन्यूली, प्रमोद गंगाड़ी, उदय बीर सिंह बर्तवाल आदि शामिल रहे।

# सीएम की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर घोषणा, 4 जनपदों में साईकिल ट्रैक बनाये जायेंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास के समीप वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को जूट के बैग भी प्रदान किये।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर घोषणा की कि राज्य के चार जनपदों देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल में 50-50 किमी के साईकिल ट्रैक बनाये जायेंगे एवं 09 जनपदों में यथा संभव साईकिल ट्रैक बनाये जायेंगे। राज्य में स्प्रिंग व रिवर रिजुवनेशन बोर्ड बनाया जायेगा। सभी 13 जनपदों में स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली एक-एक ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जायेगा।मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि जनपदों में पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित जन जागरूकता अभियान चलाये जाए और इस दिशा में विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान के लिए जन सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल, हवा, मिट्टी एवं पर्यावरण मिले, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी को ध्यान देना होगा। वैश्विक तापमान में वृद्धि एवं जल स्तर का नीचे जाना सभी के लिए चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश का अधिकांश क्षेत्र वनों से आच्छादित है, वनों के संरक्षण के लिए हमें इससे होने वाले फायदे को लोगों की आजीविका से जोड़ना होगा जिससे इकोलॉजी पर आधारित रोजगार को बढ़ाना होगा।








मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी को बचाने के लिए हमें 5 प्रमुख बातों पर फोकस करना होगा। मिट्टी को केमिकल फ्री कैसे बनाएं। मिट्टी में जो प्राकृतिक जैविक खाद के रूप में काम आने वाले जीव रहते हैं, हम उन्हें कैसे बचाएं। मिट्टी की नमी को कैसे बनाए रखें और उस तक जल की उपलब्धता कैसे बढ़ाएं। भूजल कम होने की वजह से मिट्टी को जो नुकसान हो रहा है, उसे कैसे दूर करें। वनों का दायरा कम होने से मिट्टी का जो लगातार क्षरण हो रहा है, उसे कैसे रोकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने का बहुत बड़ा अभियान चलाया, जिससे किसानों को काफी लाभ हुआ। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में पिछले 9 साल से जो भी प्रमुख विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं, उन सभी में किसी न किसी रूप से पर्यावरण संरक्षण की बात होती है, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन के तहत शहरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान हो या फिर नमामि गंगे के तहत गंगा स्वच्छता का अभियान हो, पर्यावरण रक्षा के क्षेत्र में हमारे देश के प्रयास बहुआयामी रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में देशभर में अमृत सरोवर की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि राज्य को जो 975 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य मिला था, उसके सापेक्ष अब तक करीब 1092 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। यह चुनौती पूरे विश्व की है। उन्होंने कहा कि जिस तेज गति से भौगोलिक एवं जलवायु परिवर्तन हो रहा है, यह चिंता का विषय है। राज्य में पर्यटन आधारित गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, इसके दृष्टिगत भी हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता की दिशा में और प्रयास करने होंगे। जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में विशेष प्रयास करने होंगे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जन सहभागिता को बढ़ाना होगा, इसमें जनपदों में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वन सम्पदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ना जरूरी है। वन पंचायतों को मजबूत बनाना जरूरी है, लाखों लोग इससे जुड़े होते हैं।बैठक के दौरान जिलाधिकारियों ने जनपदों में पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक शुरू होने से पूर्व उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना में मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वन श्री आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में यहां बनेगी पहली टनल पार्किंग, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में प्रदेश सरकार पहाड़ में पार्किंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए टनल पार्किंग की शुरुआत कर रही है। दावा किया जा रहा है कि यह पार्किंग अभी तक देश में कहीं भी नहीं है। उत्तराखंड इस तरह का प्रयोग करने वाला देश का पहला राज्य होगा। इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। देश-प्रदेश की पहली टनल पार्किंग कैंप्टीफाल में बनेगी, जिसकी 120 करोड़ की डीपीआर तैयार हो चुकी है। जिससे लोगों को जाम के झाम से निजात मिल सकेगी।मीडिया रिपोर्टस के अनुसार प्रदेश में 12 शहरों में टनल पार्किंग बनाई जानी हैं। प्रदेश की पहली टनल पार्किंग कैंप्टीफाल में टिहरी-कैंप्टीफाल मसूरी, मसीही मसूरी रोड के सामने बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि इसके बाद पौड़ी में दो, टिहरी में छह, उत्तरकाशी में दो और नैनीताल में दो पार्किंग बनाई जानी हैं। शासन ने इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए कवायद तेज कर रही है। इसी महीने अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव के सामने डीपीआर का प्रस्तुतिकरण होगा।

माना जा रहा है कि जल्द ही इसे स्वीकृति मिल जाएगी।बताया जा रहा है कि ये पार्किंग ऐसी बनाई जाएंगी कि एक तरफ से वाहन पार्किंग के लिए घुसेगा और दूसरी सड़क पर बाहर निकल जाएगा। हालांकि ये भी माना जा रहा है कि टनल पार्किंग के इस सपने को धरातल पर उतारने में सरकार के लिए कई चुनौतियां भी पेश आ सकती हैं। इनमें सबसे पहले चुनौती पर्यावरणीय स्वीकृति की है। इन टनल के निर्माण के दौरान निकलने वाला मलबा भी बड़ी चुनौती बनकर उभर सकता है। हालांकि सरकार का तर्क है कि सभी नियमों का पालन करते हुए टनल निर्माण किए जाएंगे।





# केदारनाथ दर्शन करने पहुंची ये अभिनेत्रियां एक महीने में दूसरी बार धाम पहुंचीं ये एक्ट्रेस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नंदिनी राय एक माह में दो बार केदारनाथ पहुंची हैं। उन्होंने केदारनाथ धाम में सुबह बाबा केदार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। साथ ही आदिगुरु शंकराचार्य समाधिस्थल में एक घंटे तक साधना की।धाम में कई यात्रियों से बातचीत भी की। मंदिर में धर्म दर्शन, वीआईपी दर्शन सहित यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और बीकेटीसी का आभार जताया। वह अब गंगोत्री, यमुनोत्री, धाम के दर्शन के लिए, जाएंगी। वहां से सीधे बदरीनाथ धाम पहुंचेगी।बीते शनिवार को केदारनाथ पहुंची फिल्म अभिनेत्री नंदिनी राय ने रविवार सुबह पुनः बाबा केदार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने दिव्य शिला के दर्शन कर आदिगुरु शंकराचार्य समाधिस्थल पर एक घंटे तक साधना की। कहा कि बाबा केदार के धाम में आकर शांति और शक्ति का अनुभव हुआ है।सुबह 11 बजे अभिनेत्री केदारनाथ से हेलिकॉप्टर से फाटा पहुंची। यहां से सड़क मार्ग से वह सोनप्रयाग होते हुए त्रियुगीनारायण पहुंची। इस दौरान उन्हें रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड और सोनप्रयाग-त्रियुगीनारायण मार्ग लगभग दो घंटे जाम से भी दो-चार होना पड़ा। अपराह्न बाद वह त्रियुगीनारायण मंदिर पहुंची और भगवान बामन के दर्शन किए।साथ ही भगवान शिव व पार्वती की विवाह की साक्षी अखंड ज्योति के दर्शन किए और ज्योति में लकड़ी दान की। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता से अभिभूत हैं। बार-बार आने का मन करता है। ज्ञात हो कि फिल्मी अभिनेत्री नंदिनी राय बीते एक मई को गौरीकुंड से केदारनाथ पैदल पहुंची थी। यहां पूजा-अर्चना व दर्शन के बाद वह रात्रि 11 बजे केदारनाथ से गौरीकुंड भी पैदल लौटी थीं।वहीं, भोजपुरी फिल्मों की अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने केदारनाथ पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत की। साथ ही कई प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान धाम में यात्रा ड्यूटी पर तैनात आदित्य कुमार ने फिल्म अभिनेत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।फिल्म अभिनेत्री ने कहा कि वह, धाम पहुंचने पर अपने को बहुत सौभाग्यशाली मान रही हैं। कहा कि उन्होंने संपूर्ण भारतवर्ष की खुशहाली के लिए, बाबा केदार से प्रार्थना की है। बीकेटीसी ने फिल्म अभिनेत्री को बाबा केदार का प्रसाद, रुद्राक्ष की माला व अंगवस्त्र भेंट किया।

# एशियाई कप में भारतीय फुटबाल टीम की ओर से खेलेंगे देहरादून के शाश्वत पंवार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून निवासी युवा फुटबालर शाश्वत पंवार का चयन एशियाई कप के लिए भारतीय अंडर-17 टीम में हुआ है। शाश्वत बतौर फारवर्ड टीम में खेलते हुए नजर आएंगे। एशियाई कप के लिए, शाश्वत बीते दो महीनों से स्पेन व जर्मनी में टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं।देहरादून निवासी युवा फुटबालर शाश्वत पंवार का चयन एशियाई कप के लिए भारतीय अंडर-17 टीम में हुआ है। शाश्वत बतौर फारवर्ड टीम में खेलते हुए नजर आएंगे। एशियाई कप के लिए शाश्वत बीते दो महीनों से स्पेन व जर्मनी में टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं।थाइलैंड में आगामी 16 जून से एशियाई कप का आयोजन शुरू हो रहा है। भारतीय टीम की जर्सी में दून के युवा फुटबालर शाश्वत पंवार बतौर फारवर्ड खेलते नजर आएंगे। उत्तराखंड से शाश्वत एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिनका चयन एशियाई कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।पांच साल की उम्र से फुटबाल खेल रहे शाश्वत-शाश्वत पंवार के पिता धीरेंद्र पंवार ने बताया कि शाश्वत ने पांच साल की उम्र से ही फुटबाल खेलना शुरू कर दिया था। बचपन से ही वह फुटबाल के प्रति लगाव रखते थे, उनकी लगन को देखते हुए उनके पिता ने उन्हें प्रोफेशनल ट्रेनिंग शुरू कराई।शाश्वत ने फुटबाल की बारीकियां बाइचुंग भूटिया एकेडमी से सीखी हैं। इसके बाद उनका चयन भारतीय कैंप के लिए हुआ। जिसमें उन्होंने जर्मनी व स्पेन में बीते दो महीनों तक अभ्यास व अभ्यास मैच खेले। यहां से उनका चयन भारतीय अंडर-17 टीम में हुआ जो आगामी एशियाई कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

## सरकारी विद्यालय में लगवाया वाटर कूलर

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राइंका खदरी में वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्लब सदस्य आशीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। सोमवार को रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राजकीय इंटर कॉलेज खदरी में कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब ने विद्यालय में वाटर कलूर लगवाया। इसका उद्घाटन क्लब के सदस्य आशीष गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने किया। क्लब अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस कंडारी द्वारा बच्चों के लिए वाटर कूलर का प्रस्ताव क्लब को दिया था। क्लब सचिव विशाल तायल ने कहा कि रोटरी क्लब ऋषिकेश सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। मौके पर मनोज सिंह राणा, रीता रानी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुराग पयाल, भारत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## केशवपुरी व राजीवनगर के लोगों को मालिकाना हक दे सरकार

ऋषिकेश। डोईवाला तहसील में आप कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुसवा नदी के किनारे बसी मलिन बस्तियों को हटाने के निर्णय पर आक्रोश जताया। उन्होंने यहां रहे लोगों को मालिकाना हक देने की मांग उठाई। सोमवार को आप कार्यकर्ताओं ने डोईवाला तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। पूर्व सभासद गोपाल शर्मा ने कहा कि केशवपुरी, राजीवनगर और कुडक़ावाला सुसवा बस्ती में लोग 30-40 वर्षों से रह रहे हैं। लेकिन अब अतिक्रमण के नाम पर सरकार उन्हें बेघर करना चाहती है। जबकि सरकार ने इन जमीनों पर बिजली, पानी, सडक़ जैसी सारी सुविधाएं लोगों को दे रखी हैं। डोईवाला विधानसभा के आप अध्यक्ष सरदार प्यारा सिंह ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव के समय पर इन ग्रामीणों को भरोसा दिलाती हैं कि इन्हें मालिकाना हक दिलाया जाएगा। लेकिन वोट पाने के बाद इनकी तरफ देखते तक नहीं हैं। प्रदेश संगठन समन्वयक डीके पाल ने कहा कि इन लोगों को सरकार पहले जमीन आवंटन करें, फिर इन्हें हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अशोक सेमवाल, सोनी कुरेशी, यामिनी सिंह, सीमा कश्यप, अशोक सेमवाल, इकबाल, मोहम्मद जुल्फाम, सुमन गुप्ता, जोगिंद्र सिंह चौधरी, रविन्द्र सिंह, सुभाष तिवारी, भरत लोधी, जाहिद, संजीव पाठक, सपना देवी, गोपाल शर्मा, अतहर अली, पुरुषोत्तम, कश्मीरी लाल, रीता देवी, सोनिया देवी, अफजल अली, मुस्तकिम, शाहिदा, रुखसाना, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## सीवर सुविधा से वंचित लोगों ने किया पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सीवर सुविधा से वंचित लोगों ने पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सर्वहारानगर सहित कई क्षेत्रों में सीवर लाइन नहीं बिछाए जाने पर नाराज जताई। उन्होंने सीवर से वंचित क्षेत्रों में शीघ्र सीवर लाइन बिछाने की मांग उठाई। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता निर्माण एंव अनुरक्षण ईकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदर्शन कर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि एक ओर भाजपा के लोग केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने का जश्न मनाने में मस्त हैं और ऋषिकेश के विधायक अपने सोलह सालों के कार्यकाल में विकास की गंगा बहाने की बात कर रहे हैं। लेकिन आज भी ऋषिकेश विधानसभा का पचास प्रतिशत से अधिक क्षेत्र सीवर सुविधा से वंचित है। एक ओर सरकार करोड़ों रुपये गंगा को स्वच्छ रखने और स्वच्छ भारत अभियान में खर्च कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यापारी से 40 हजार रुपये लूटने पर मुकदमा

हरिद्वार। व्यापारी से मारपीट कर चालीस हजार रुपये लूटने के आरोप में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में कुशल कटियार निवासी सियाराम सदन हरिपुर कलां रायवाला ने बताया कि भीमगोड़ा क्षेत्र में इस्कॉन आश्रम के पास उनकी दुकान है। छह मार्च को रोजाना की तरह देर शाम अपनी दुकान बंद कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान करन निवासी वाल्मीकि बस्ती भीमगोड़ा, शिबू निवासी भीमगोड़ा अपने साथियों के साथ उनकी दुकान पर आ धमके और जबरन दुकान खोलकर सामान देने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर उस पर तमंचा तान दिया, जिसके बाद दुकान खुलवाकर उससे चालीस हजार की रकम लूट ली। आरोप है कि लाठी डंडे से उसकी पिटाई करने के बाद आरोपी फरार हो गए। एसएसआई मुकेश थलेड़ी ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पर्यावरण को सबसे अधिक खतरा प्लास्टिक कचरे से

रुडक़ी। विश्व पर्यावरण दिवस पर नेशनल कन्या इण्टर कॉलेज खानपुर में कई प्रतियोगिताएं कराकर ब्लॉक मुख्यालय पर पर्यावरण रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को सबसे अधिक खतरा प्लास्टिक कचरे से हो रहा है। जब तक प्लास्टिक उत्पादन पर रोक नहीं लगेगी, तब तक इससे निजात पाना मुश्किल होगा। योग प्रशिक्षक मेनका रानी ने कहा कि वृक्षों का अंधाधुंध कटान पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी बजा रहा है। उन्होंने अधिकाधिक पौधरोपण पर जोर दिया। उप प्रधानाचार्य सुरेशचन्द कवटियाल ने कहा कि बिजली के मोटर, पंखे, लाइट का प्रयोग आवश्यकता पडऩे पर करें। बाकी समय में उन्हें बन्द रखें। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी डॉ. पारस चौधरी ने किया। जूनियर वर्ग की भाषण प्रतियोगिता में खुशबू, परी, गायत्री, निबन्ध में भावना, अंजु, कशिश, पोस्टर बनाने में समीक्षा, कशिश, वंशिका, मेहंदी में सानिया, कशिश, रविता, स्लोगन में सानिया, विपाशा, शिवानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मृतक आश्रित को सौंपी 30 लाख की बीमा राशि

रुडक़ी। डयूटी के दौरान होमगार्ड सतीश कुमार की मौत मामले में कमांडेट जनरल होमगार्ड केवल खुराना ने एक्सिस बैंक के साथ विभाग के किए गए अनुबंध के अनुसार सतीश कुमार के आश्रित राहुल कुमार को दुर्घटना बीमा राशि 30 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर जिला कमांडेंट गौतम कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी होमगार्ड कमरुज्जमां, शहजाद अली, गौरव शर्मा, राहुल कुमार, नितिन कुमार, अजय पाल सिंह, गोपाल चंद और काजल अग्निहोत्री मौजूद रहे।

### किसानों से की पौधे लगाने की अपील

रुडक़ी। आईआईटी रुडक़ी के जल संसाधन विकास एवं प्रबंध विभाग की ओर से ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खानपुर विकासखंड के गिद्धावाड़ी कला गांव में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें परियोजना के कृषि मौसम प्रेक्षक आलोक शुक्ल और जेआरएफ रोताश कुमार ने किसानों को मौसम परियोजना से अवगत कराते हुए मौसम की जानकारी दी। इस अवसर पर मौसम प्रेक्षक आलोक शुक्ल ने किसानों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि खेत की मिट्टी से लेकर पशु और मनुष्य तक सभी पर्यावरण के अंग हैं। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व खतरे में आ सकता है इसलिए ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी के भी अस्तित्व पर संकट आए। उन्होंने किसानों से पौधे भी लगाने का आग्रह किया।

### 19 मकान मालिकों के चालान

रुडक़ी। पुलिस ने किरायेदारों के सत्यापन नहीं कराने पर 19 मकान मालिकों के चालान किए। उन पर 7500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस कार्रवाई से कस्बा के मकान मालिकों में खलबली मची रही। थाना प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे भगवानपुर में किरायेदारों के लिए सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस को 19 घरों में बिना सत्यापन के किराएदार मिले।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 272 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 272 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए मई 2023 में देहरादून में रोजगार मेले आयोजन किया गया था। विभिन्न कम्पनियों में इन विद्यार्थियों के चयन के बाद आज नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 9 वर्षों से देश में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में जो अभियान चल रहा है, उसमें रोजगार मेले की एक कड़ी और जुड़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के उचित अवसर मिले इसके लिए विभिन्न तकनीकी संस्थाओं में प्रशिक्षण हेतु आधुनिक सुविधायें, ढांचागत विकास, उच्च स्तरीय ई-लर्निंग केन्द्रों की स्थापना, विभिन्न तकनीक के विस्तार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य प्रदेश को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित करते हुए जनमानस की समस्याओं का पारदर्शिता पूर्ण निराकरण कर गुड गवर्नेंस देना है। इस कार्य में तकनीकी शिक्षा विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन छात्र - छात्राओं को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं उनके अन्दर जो जोश एवं प्रतिभा परिलक्षित हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे इसी जोश के साथ अपनी लगन, ज्ञान एवं स्किल के बल पर उन्हें रोजगार देने वाली कम्पनियों की अपेक्षाओं में खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने उद्योगों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे इंटर्नशिप, इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग के साथ-साथ हैण्डस आन प्रैक्टिकल के लिए राज्य सरकार को सहयोग देंगे एवं उत्तराखण्ड के छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में और अधिक अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्थापना की रजत जयन्ती हेतु सरकार ने 25 संकल्प लिए हैं, इसी कड़ी में तकनीकी शिक्षा विभाग को वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली व्यावसायिक शिक्षा मिशन योजना के क्रियान्वयन हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रयास से प्रदेश में व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज इन युवाओं का पढ़ाई करने के बाद नौकरी करने का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिन प्रतिष्ठानों द्वारा इनको नियुक्ति दी जा रही है, सभी अभ्यर्थी इन प्रतिष्ठानों में पूरी लगन के साथ कार्य करेंगे। हमारे ये अभ्यर्थी लगन से कार्य करेंगे, तो औद्योगिक संस्थानों का झुकाव हमारे युवाओं की ओर तेजी से बढ़ेगा। तकनीकि शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के पॉलिटेक्निक के बेहतर अवस्थापना सुविधाओं के लिए 01 साल में 300 करोड़ रूपये दिये गये। इंडस्ट्री के साथ बैठक कर उनकी मांग के आधार पर राज्य में कोर्स बढ़ाये गये हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से 60 प्रतिशत युवाओं का चयन हो रहा है। कुछ पॉलिटेक्निक से लगभग शत प्रतिशत छात्रों का भी चयन हो रहा है। इस अवसर पर जानकरी दी गई कि 25 अप्रैल 2023 को कुमांऊ क्षेत्र के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र -छात्राओं हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर में जो रोजगार मेले का आयोजन कराया गया था, उसमें 430 छात्र -छात्राओं ने रोजगार प्राप्त किया। इसी प्रकार गढ़वाल क्षेत्र के लिए 8 मई 2023 को आयोजित कराए गए रोजगार मेले में करीब 608 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। ऑनलाईन प्लेसमेंट सेल के माध्यम से 401 एवं विभिन्न संस्थाओं में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट द्वारा 669 छात्रों को रोजगार प्रदान किये जाने के साथ ही कुल 2108 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विधायक प्रमोद नैनवाल, सुरेश सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव रविनाथ रमन, निदेशक प्राविधिक शिक्षा आर.पी.गुप्ता, महानिदेशक यू कॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।




## महिला से छेड़छाड़ और गाली-गलौज में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। बीते रविवार की देर रात को मनचले ने एक महिला के साथ छेडख़ानी कर अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज भी की। जिससे महिला पक्ष के लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विकासनगर चौकी पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली गलौज का मुकदमा दर्ज करने के बाद लोग शांत हुए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रविवार देर रात एक महिला जैन सरिया वाली गली में जूस की दुकान के पास किसी कार्यवश खड़ी थी। तभी वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने महिला का हाथ पकडक़र उसके साथ छेडख़ानी करने लगा। अश्लील हरकते करने पर महिला ने विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। जिस पर महिला ने शोर मचा दिया। जिसके बाद महिला लोगों के साथ विकासनगर चौकी पहुंच गयी। मामले को लेकर लोगों ने चौकी में जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। किसी तरह से पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया और कार्रवाई का आश्वासन देकर घर भेजा। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। एसएसआई विकासनगर कोतवाली भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज, चालक गिरफ्तार

विकासनगर। यमुना में अवैध खनन कर खनन सामाग्री चोरी के मामले में पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। एसएसआई विकासनगर कोतवाली भुवन चंद्र पुजारी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि आरोपी चालक सादिक पुत्र हसनदीन, निवासी फैजाबाद थाना मिर्जापुर सहारनपुर यूपी रविवार रात को यमुना नदी से अवैध खनन कर खनन सामग्री की चोरी कर ले जा रहा था।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी में पांच पर मुकदमा

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है। सुलेमान पुत्र नियाज, निवासी घमोलो खुशालपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन जून को आरोपी शाहरुख पुत्र मेंहदी हसन, अर्सलान पुत्र मेंहदी हसन निवासी घमोलो खुशालपुर और तीन अन्य अज्ञात लोगों ने उसके साथ रामपुर में जमकर मारपीट की है। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी हैं। बताया कि आरोपियों से उसको खतरा है। कभी भी आरोपी उस पर हमला कर सकते हैं। थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई ओमवीर को सौंपी दी है।

### आन्या प्रजापति ने जीता अंडर-11 बालिका एकल वर्ग में गोल्ड मेडल

विकासनगर। देहरादून परेड ग्राउंड में आयोजित डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन प्रतियोगिता में ब्लू फैदर बैडमिंटन अकेडमी विकासनगर की खिलाड़ी आन्या प्रजापति ने अंडर-11 बालिका एकल वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके गोल्ड मेडल जीतने पर जहां उनके माता-पिता खुश हैं, वहीं दूसरी ओर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। आन्या मूल रूप से विकासनगर के रसूलपुर की रहने वाली है। उसने इससे पहले भी कई मेडल अपने नाम किए हैं। आन्या ने इस जीत का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया है। कहा कि उनका सपना देश के लिए खेलना है। जिसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही हैं। बताया वह अब दस जुलाई को ऊधमसिंह नगर में होने वाली राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपना सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन करेगी। कोच शुभम वर्मा ने कहा कि आन्या एक मेहनती लडक़ी है। उसकी मेहनत और लगन ही उसकी सफलता का श्रेय है।

### चीनी मिल के ईडी को किया सम्मानित

ऋषिकेश। ओम नमो शिव शक्ति मंदिर समिति ने चीनी मिल डोईवाला के ईडी को सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान चीनी मिल के बेहतर संचालन के लिए दिया गया है। सोमवार को चीनी मिल डोईवाला गार्डन कॉलोनी में समिति की महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में चीनी मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष सविता शर्मा ने कहा कि समिति का उद्देश्य चीनी मिल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना है। इसी के तहत अधिशासी निदेशक को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष अंजू त्यागी ने कहा कि इस वर्ष चीनी मिल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कर्मचारियों को वेतन भी समय पर मिला है। ईडी डीपी सिंह ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। मौके पर समिति संरक्षक सुषमा चौधरी आर्य, उपाध्यक्ष नीतू, मंत्री नीता, पुष्पा गेरा, सोमवती विश्वकर्मा, बबीता विश्वकर्मा, सुरभि सक्सेना, शशि, रंभा कुशवाह, मालती आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने किए बद्रीनाथ धाम के दर्शन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 5-6 जून को बाल विधानसभा का आयोजन होना है इसी कार्यक्रम के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण को बाल विधानसभा में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होना है। गैरसैंण से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार प्रातः बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष पूजा अर्चना कर बद्रीविशाल से प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि उन्नति और शांति की कामना की।

इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने जोशीमठ स्थित नरसिंह मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना भी की।विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा की सरकार और समिति द्वारा मंदिर में अच्छी व्यवस्था को गई है और सभी श्रद्धालुओं को मंदिर के अच्छे और शांति से दर्शन हो रहे है। उन्होंने कहा की बद्रीनाथ धाम हिमालय की गोद में स्थित होने के कारण एक अद्वितीय और प्राकृतिक स्थान है। इस पवित्र स्थान के दर्शन से हमें आत्मा की शांति, प्रकाश और सच्ची सुखी जीवन की प्राप्ति होती है। हम यहाँ आकर स्वयं को पुनर्जीवित करते हैं, अपने अस्तित्व की महत्ता को अनुभव करते हैं और भगवान की कृपा और आशीर्वाद को अनुभव करते हैं।उन्होंने कहा की बद्रीनाथ धाम की यात्रा धार्मिक और आध्यात्मिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य का भी एक अद्वितीय संगम है। यहां के चारों ओर पहाड़ों की गोद में स्थित होने से यह स्थान अत्यंत प्रशांत और सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है।

यह ध्यान और मेधा की ऊर्जा को बढ़ाता है और आपको शांति, स्थिरता और प्रभु के साथ एकीकृत होने की अनुभूति कराता है।बद्रीनाथ धाम में पर्यटन व्यवसाय बड़ी मात्रा में रोजगार का स्रोत है और यहां के स्थानीय लोगों को इससे लाभ मिलता है।पर्यटन से स्थानीय लोगों को रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत प्राप्त होता है। यह पर्यटन व्यवसाय स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है और स्थानीय लोगों को आर्थिक रूप से सुविधा प्रदान करता है।



# दून न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

देहरादून। दून न्यूज पेपर एजेंट एसोसियेशन ने सोमवार को पलटन बाजार सेंटर पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर समाचार पत्र विक्रेताओं को पौधे बांटे गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। पर्यावरण दिवस के मौके पर सभी समाचार पत्र विक्रेता सोमवार सुबह पलटन बाजार सेंटर पर एकत्रित हुए। इस मौके पर गेवल सामाजिक संगठन के सहयोग से सभी समाचार विक्रेताओं को पौधे भेंट करते हुए संस्था के अध्यक्ष संजीव बिष्ट ने बताया कि हमें विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। दून न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी बिजेंद्र सेमवाल ने अपील की कि घर पर किसी भी तरह के शुभ कार्य जन्मदिन, शादी की सालगिरह या अन्य कोई शुभ कार्य हो, उस दिन एक पौध जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम में राजवीर त्यागी, हरप्रीत सिंह, ललित जोशी, अनूप कुमार, बिजेंद्र सेमवाल, संजीव बिष्ट, राकेश कुमार भट्ट, कैलाश सेमवाल, राजेन्द्र भट्ट, अनिल भट्ट, राम किशोर नौटियाल, नितिन, महेंद्र सिंह, राकेश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों ने किया आंदोलन शुरू

देहरादून। वेतन विसंगति, कैडर मर्जर, इंक्रीमेंट की सुविधा समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों ने आंदोलन शुरू कर दिया। प्रथम चरण में सोमवार को ननूरखेड़ा स्थित बेसिक शिक्षा निदेशालय परिसर में तीन दिवसीय धरने की शुरूआत कर दी गई। सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई न हुई तो प्रदेश व्यापी आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। शिक्षकों को आंदोलित देख दोपहर डीजी-शिक्षा बंधीधर तिवारी धरना स्थल पहुंचे और शिक्षकों को कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। मंगलवार को डीजी संघ के साथ लंबित मांगों पर वार्ता करेंगे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संझा के बैनर तले सोमवार को बड़ी संख्या में शिक्षक बेसिक शिक्षा निदेशायलय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह पुंडीर ने कहा कि शिक्षक अपनी विभिन्न वाजिब समस्याओं को लेकर कई वर्षों से परेशान हैं। जब जब सरकार और विभाग के सामने शिक्षकों ने अपनी पीड़ा रखी, तब तब वादे तो खूब किए गए लेकिन अमल कभी नहीं किया। अब शिक्षक किसी झांसे में नहीं आने वाले। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तीन दिवसीय धरने के दौरान लंबित मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो शिक्षक प्रदेश स्तर पर बेमियादी आंदोलन शुरू कर देंगे।

शिक्षकों के आंदोलन की सूचना मिलने पर दोपहर डीजी-शिक्षा तिवारी वहां आए। उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षक-कर्मचारियों की मांगों को लेकर सदा से गंभीर है। जूनियर शिक्षकों की मांगों पर भी लगातार मंथन चल रहा है।

रहे शामिलः कुंवर राणा,किशोर सिंह सजवाण,जगत सिंह नेगी,विपिन मेहता, संघ के टिहरी अध्यक्ष जगवीर सिंह खरोला, पौड़ी अध्यक्ष भगत भंडारी,अल्मोड़ा अध्यक्ष संजय बिष्ट,चमोली अध्यक्ष भुवन डिमरी, देहरादून अध्यक्ष उमेश चौहान, सूरज मंदरवाल आदि। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री अरुण शर्मा ने किया।

## संयुक्त आंदोलनकारियों ।का शहीद स्मारक में अनिश्चितकालीन धरना

देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों के दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाली और चिन्हीकरण को लेकर संयुक्त आंदोलनकारी मंच ने शहीद स्मारक में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है। संयोजक क्रांति कुमार, सह संयोजक अम्बुज शर्मा ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंच ने क्षैतिज आरक्षण बहाली व चिन्हीकरण प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की मांग को लेकर सरकार पर निर्णायक दबाव बनाया जाएगा। सीएम ने खुद ही इन दोनों मांगों को मानने का आश्वासन दिया था। लेकिन तीन माह गुजरने पर भी सरकार की इच्छा शक्ति कुछ करने की नहीं नजर आ रही। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती, संगीता रावत, विनोद असवाल, देवेश्वरी रावत, पूनम कंडारी, सूयकांत बमराड़ा, रामकिशन, विकास बिष्ट, प्रवीण पुरोहित, आशीष रावत, प्रभात डंडरियाल, कुंवर सिंह नेगी, उपेन्द्र सेमवाल, रमेश सिंह, बीएस कंडारी, पुष्पा बहुगुणा, विमल जुयाल, हरि प्रकाश शर्मा मौजूद थे।

## प्लास्टिक प्रदुषण मानव जीवन के लिए हानिकारक

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) द्वारा बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया और वन विभाग मसूरी प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज मालदेवता में प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत ने प्लास्टिक प्रदूषण के मानव जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज मालदेवता के प्रवक्ता संजीव सैनी ने किया। कार्यक्रम में मसूरी वन प्रभाग के एसडीओ उदय गौड़ ने वन विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालय अध्यक्ष व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह, यूसर्क के वैज्ञानिक डॉ ओम प्रकाश नौटियाल, वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह राणा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें अजीत कैंतुरा, संजीव, आंचल पायल ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया द्य इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्योति कठैत, मसूरी वन प्रभाग के रेंजर शिव प्रसाद गैरोला, बीएसआई के वैज्ञानिक डॉ मनीष कंडवाल, डॉ पुनीत कुमार, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ भावना जोशी, ओम जोशी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीआरडी जवान के घर से चार लाख के जेवर चोरी

रुडकी। चोरों ने रायसी में किराये पर रह रहे पीआरडी जवान के मकान से चार लाख से अधिक कीमत के सोने और चांदी के गहने पार कर दिए। घटना के दिन पीआरडी जवान परिवार के साथ एक शादी में गए थे। पीड़ित ने कुछ युवकों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। गिद्धावाली (खानपुर) के गुलाब सिंह पीआरडी जवान हैं। उनकी बड़ी बेटी रायसी डिग्री कॉलेज की छात्रा है। बेटी की पढ़ाई के लिए वह परिवार सहित रायसी में किराये के मकान में रहते हैं। पिछले दिनों गुलाब सिंह मकान बंद करके परिवार सहित एक शादी समारोह में गए थे। वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा पड़ा था। बेटी की शादी के लिए खरीदा गया चार लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने का लॉकेट, एक जोड़ी कुंडल, दो अंगूठी, एक मंगलसूत्र और चांदी का काफी सामान मकान से गायब था। चौकी प्रभारी प्रवीण बिष्ट ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

### पंडित गोविंद बल्लभ पंत समिति ने रौंपे पौधे

रुड़की। विश्व पर्यावरण दिवस पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण एवं शिक्षण कल्याण समिति की ओर से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में गुड़हल, चांदनी, चंपा, चमेली तथा बेलपत्र के पौधे लगाए गए। इस मौके पर महासचिव प्रभाकर पंत, पंडित केदार दत्त चमोली, अध्यक्षा शिल्पी सिंह, प्रधानाचार्य सुबोध कुमार मलिक, केवि रुड़की कैंट के प्राचार्य चंद्रशेखर बिष्ट, योगी मंगलनाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश महेश्वरी, केवि की उप प्राचार्य अंजू सिंह, मारवाड़ी कन्या इंटर कॉलेज की भारती अग्रवाल, एसएसडी पीसी इंटर कॉलेज की अर्चना चौहान, एनसीसी अधिकारी रामकुमार वर्मा, शिल्पी सिंह, ललित मोहन जोशी आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ नायब सूबेदार केडी पंत और संस्था की संरक्षिका स्वर्ण लता मिश्रा को विशेष सम्मान दिया गया।

### अनियंत्रित होकर कंटेनर रतमऊ नदी में गिरा

रुड़की। दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर कोर कॉलेज के पास एक कंटेनर अनियंत्रित होकर रतमऊ नदी में गिर गया। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। एक कंटेनर रुड़की से हरिद्वार की ओर जा रहा था। कोर कॉलेज के पास अचानक वह अनियंत्रित होकर दोनों पुलों के बीच रतमऊ नदी में जा गिरा। आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने नीचे नदी में जाकर कंटेनर को देखा तो चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली थी। कंटेनर खाली था और उसमें कोई और सवार नहीं था। चौकी प्रभारी हेमंत भारद्वाज ने बताया कि चालक को हल्की चोट लगी थी। उसका उपचार कराया गया है। कंटेनर के मालिक को घटना की सूचना दी है।

### नगरपालिका कार्यालय पर पर्यावरण दिवस मनाया

रुड़की। नगर पालिका कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पालिका अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली और अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने पौधरोपण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वह पॉलीथिन के खिलाफ चल रहे अभियान में अपना योगदान दें। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह चौधरी, दीपक शर्मा, संदीप चौधरी, तारीख खान, कमल दीप, वसीम अब्बासी, आशु मलिक, प्रदीप ध्यानी, रजत रावत, तस्नीम फारुकी, शमशाद अहमद, राजेश कुमार और राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में पथराव, सात घायल

रुड़की। जमीन को लेकर विवाद के चलते दो पक्षों में पथराव हो गया। इसमें दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके जाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की चेतावनी दी है। मसाई कला गांव में जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मामला गाली गलौज से मारपीट और पथराव तक पहुंच गए। विवाद में पथराव होता देख आसपास के लोगों ने घटनास्थल से भागकर अपनी जान बचाई। इस बीच पथराव की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की चेतावनी दी है।

# उत्तराखंड के 14 हजार गरीब परिवारों को मिलेगा पक्का मकान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 जून : उत्तराखंड में निचले तबके के लोग भी अपने आशियाने का सपना साकार कर सकेंगे। उत्तराखंड सरकार लोकसभा चुनाव से पहले पीएम आवास योजना के तहत 14 हजार लाभार्थियों को पक्का घर देने जा रही है। योजना के तहत लाभार्थी 4 लाख से भी कम कीमत में अपना घर खरीद सकेंगे। इसके तहत सभी प्रोजेक्ट के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। कुछ की बुकिंग पूरी भी हो चुकी है। पीएम आवास योजना के तहत आवास विकास परिषद निजी भागीदारी से 16 परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इसमें 14200 ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के घर बनाए जा रहे हैं। उकरौली, सितारगंज और शिकारपुर, रुड़की के लिए आवंटन भी पूरा कर लिया गया है। चयनित लाभार्थियों की लिस्ट परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परिषद अगले नवरात्रि तक लाभार्थियों को घर सौंपने की तैयारी कर रहा है। आवास विभाग की शर्तों के मुताबिक इस योजना के लिए सालाना 3 लाख से कम आय वाले परिवार पात्र होंगे। उन्हें निजी निर्माणकर्ता द्वारा तैयार 25.41 वर्ग मीटर कारपेट एरिया वाला दो कमरे का घर दिया जाएगा। घर की लागत 6 लाख पड़ रही है। केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी मिलाकर ढाई लाख का भुगतान राज्य सरकार बिल्डर को करेगी। इस तरह लाभार्थी को कुल साढ़े तीन लाख रुपये देने होंगे। ये रकम अलग-अलग किस्तों में देनी होगी, इसके लिए बैंक से होम लोन भी लिया जा सकता है। मकान का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर महिला के नाम से किया जाएगा। कनकपुर-काशीपुर, बेलड़ी-हरिद्वार, शिमला पिस्तौड-रूद्रपुर, श्यामनगर-गदरपुर, उकरौली-सितारगंज, जब्बरपुर-हरिद्वार, मटकोटा-रुद्रपुर, मंगलौर, आन्नेकी हेमतपुर-हरिद्वार व शिकारपुर-रुड़की में आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। अपर आवास आयुक्त पीसी दुमका के मुताबिक Uttarakhand EWS Category House परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।






## हाउस टैक्स पर ब्याज माफ करे नगर निगम

देहरादून। दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर आयुक्त मनुज गोयल से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने बकाया हाउस टैक्स पर लग रहे ब्याज को माफ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोरोना की वजह से व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। काफी समय तक दुकानें बंद रहने के कारण कारोबार नहीं हो पाया। ऐसे में जो बकाया हाउस टैक्स पर जो बारह प्रतिशत ब्याज लग रहा है, उसे माफ किया जाए। बकाया टैक्स किश्तों में जमा करने की सुविधा दी जाए। व्यापारियों ने जीआईएस मैपिंग के कार्य को बंद करने की मांग की।

## संपादकीय



## सुरक्षा सरोकारों के अभाव

बालासोर रेल हादसे से सुरक्षा का मुद्दा उभरा है, जिसका सरोकार लापरवाही से ही है। इसके मद्देनजर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रपटें गौरतलब हैं। दिसंबर, 2016 और मार्च, 2023 में दोनों संस्थाओं ने रेलवे में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। कैग और संसदीय स्थायी समिति की तीन रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं। यह आंतरिक प्रोटोकॉल के भी खिलाफ है। रेलवे में सुरक्षा के अग्रिम और केंद्रीय सरोकारों की कमी हमेशा रही है। रेलवे सरीखे विराट मंत्रालय में ऐसी लापरवाही और विसंगतियों का नतीजा बालासोर रेल हादसा हो सकता है? क्या रेलवे यात्रियों को 'लाश' बनाने को ही बना है? यह सवाल भी है और जिज्ञासा भी है। 2017-18 में रेल सुरक्षा की चुनौतियों के मद्देनजर 'राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष' की स्थापना के साथ महत्वपूर्ण शुरुआत की गई थी। सुरक्षा संबंधी कामों को व्यवस्थित, चरणबद्ध और एक निश्चित प्रणाली के तौर पर अंजाम दिया जाना था। अधिकतर फंडिंग आम बजट के जरिए तय की गई थी, ताकि संसाधनों का प्रवाह निरंतर और स्थिर बना रहे। मार्च, 2023 में रेलवे संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रपट में खुलासा किया कि पैसा प्राथमिक समस्या कभी नहीं रहा, लेकिन एक बार भी सालाना कोष पूरी तरह खर्च नहीं किया गया। नतीजतन बीते 6 साल के दौरान 1127 रेल हादसे हुए और 370 बार ट्रेन की बोगियां पटरी से उतरीं। मोदी सरकार संसद के भीतर और बाहर दावा करती रही है कि रेल सुरक्षा पर 1 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सरकार ने कितनी राशि आवंटित की और रेलवे ने कितना खर्च किया, अब देश को यह स्पष्टीकरण तो देना ही पड़ेगा। यदि विपक्षी कांग्रेस और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी सुरक्षा के सरोकारों को उठा रहे हैं और बालासोर रेल त्रासदी के असल आंकड़ों पर सवाल कर रहे हैं, तो बुनियादी तौर पर वे गलत नहीं हैं। ममता तथा एक और पूर्व रेल मंत्री नीतीश कुमार के कार्यकालों के दौरान कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं और कितने लोगों की जिंदगियां समाप्त हो गईं, यह तुलना करने से कोई लाभ नहीं है। अब रेल मंत्री भाजपा के हैं और देश के प्रधानमंत्री भी भाजपा के हैं, लिहाजा जिम्मेदारी उनकी ही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्राथमिक जांच के कुछ निष्कर्षों को साझा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से छेड़छाड़ की गई है अथवा उसमें बदलाव किया गया है, नतीजतन ट्रेन मेनलाइन छोड़ कर लूप लाइन में चली गई और मौजूदा रेल हादसा हुआ।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## शांतिभंग में सगे भाईयों का चालान

रुडक़ी। पेड़ काटने को लेकर भाइयों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के मानक मजरा गांव में सगे भाईयों में खेत से पेड़ को काटने को लेकर विवाद में मारपीट हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एहसान और इरशाद का शांतिभंग में चालान किया है।

## पर्यावरण दिवस पर बनाए गए बीज बम

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस व वृक्षबंधन अभियान की 15 वीं वर्षगांठ पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संघ ने शहीद स्मारक कचहरी परिसर में खुली परिचर्चा का आयोजन किया। जिसमें उत्तराखंड हिमालय में बुग्याल व ताल के संरक्षण पर विमर्श किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए सीड बम बनाने की विधि भी बताई गई। जैविक खाद, मिट्टी व बीज के सम्मिश्रण से बताया गया कि फलों व सब्जियों के बीजों को किस तरह से बंजर जमीन पर डालकर पेड़ पौधे उगाए जा सकते हैं। वर्मी कम्पोस्ट व मिट्टी के गोले जिसके भीतर बीज संरक्षित किया जाता है। इस बीच जो बरसात के समय जंगलों में फेंका जाता है ताकि बीज अपने आप को रोप सके। परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए संघ के अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने बताया कि उनका संघ लगातार पर्यावरण संरक्षण समेत सामाजिक, सांस्कृतिक मुद्दों पर काम कर रहा है। उत्तराखंड आंदोलन की अवधारणा के अनुरुप विचारों का एक श्रृंखलाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

## सर्वे मैदान की सफाई, भवन मरम्मत की मांग की

देहरादून। भाजपा नेत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष मसूरी अनीता सक्सेना ने ज्ञापन देकर प्रभारी अधिकारी भारतीय सर्वेक्षण विभाग मसूरी से मांग की है कि सर्वे के मैदान की सफाई की जाए। कहा सर्वे के मैदान में मलबा प?े होने से खिलाडियों की परेशानी हो रही है। उनके चोटिल होने का खतरा हर समय बना रहता है। खिलाडियों के चेंजिंग रूम भी जर्जर हैं। शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है। सर्वेक्षण विभाग के प्रभारी अधिकारी अनिल सिंह सिंगोरी ने कहा कि वह शीघ्र इस दिशा में पत्र को निदेशालय भेजकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यावरण दिवस पर समर्पण ने रौंपे पौधे

रुडक़ी। विश्व पर्यावरण दिवस पर समर्पण जन कल्याण संगठन की ओर से वल्ड बैंक कॉलोनी के पार्क में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही पार्क के चारों ओर सफाई की। समर्पण के पर्यावरण प्रभारी संदीप यादव, अरुण कोहली के साथ एसपी देहात स्वप्न किशोर, विधायक प्रदीप बत्रा ने पौधरोपण किया। पौधरोपण में सुरेंद्र सैनी, प्रवीण यादव और वन विभाग के अनीश सैनी, अमन सैनी, करुणा, नरेंद्र, शिल्पी, पंकज शर्मा, बलविंदर सिंह ने भी भाग लिया।

### प्रतिबंधित मांस और कटान उपकरण बरामद

रुडक़ी। गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने भगवानपुर चंदनपुर में छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस और औजार बरामद किए। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रविवार की शाम को गोवंश स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र के प्रभारी उप निरीक्षक आशीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवानपुर चंदनपुर में छोमपारी की। पुलिस को देख आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके से प्रतिबंधित मांस और कटान उपकरण बरामद किए। फरमान निवासी भगवानपुर चंदनपुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### कोतवाली में रोपे 25 से अधिक प्रजातियों के पौधे

रुडक़ी। विश्व पर्यावरण दिवस पर कोतवाली परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ ली। सोमवार को कोतवाली परिसर में कार्यवाहक कोतवाल प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर 25 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हर एक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि जिन पौधों को लगाया गया है उनकी रक्षा करना भी पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी है।

### पुलिसकर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

रुडक़ी। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में थाना भगवानपुर के प्रांगण मे पुलिस कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही, थाना प्रांगण में पौधरोपण किया गया। सोमवार को भगवानपुर के थाना परिसर में पर्यावरण को लेकर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर आम, अमरूद और नई-नई प्रजाति के पौधे लगाकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया गया है।

### औषधीय पौधे रोपकर हरियाली का संदेश दिया

रुडक़ी। चौधरी हरचंद सिंह आत्माराम एजुकेशन ट्रस्ट क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद रुडक़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्वाड्रा संस्थान के शिक्षक एवं चिकित्सकों ने संयुक्त रूप में पर्यावरण संरक्षण के लिए पीपल, अर्जुन, बरगद, नीम, गिलोय, अशोक, जामुन, हरितकी आदि औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण करके उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. रकम सिंह ने वृक्ष एवं जल संरक्षण पर संदेश दिया। उन्होंने कहा की शुद्ध पर्यावरण पर ही मानव जीवन आश्रित हैं। प्रधानाचार्य डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. आशीष कुमार ने भी विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए वृक्षारोपण एवं प्रकृति संरक्षण को आज की आवश्यकता बताया।

### श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुरु हरगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आ?त बाजार के तत्वावधान में सिख सेवक जत्थे की तरफ से गुरु हरगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व कथा कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नितनेम के पश्चात चरणजीत सिंह हजूरी रागी जत्थे ने आसा की वार का शब्द जमियां पूत भगत गोविंद का, प्रगटिया सभ महि लिखिया..,का गायन किया। सेवक बावा परिवार की तरफ से रखे हुए श्री अखंड पाठ के भोग डाले गए। बेबे नानकी सेवक जत्थे ने शब्द सतगुरु होइ दयालु त सरधा पुरिए...का गायन किया। गुरदयाल सिंह हजूरी रागी जत्थे ने शब्द ऐसे गुर का बलि बलि जाइए, आपि मुक्त मोहि तारे..का गायन किया। ज्ञानी शमशेर सिंह हैंड ग्रंथी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब का जीवन बड़े उपकार वाला रहा।

# देवभूमि के गावों को 21वीं सदी के गांव बनाने का है हमारा प्रयास : सीएम





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चोपड़ाधार कटखाण, चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी स्थित नागराज मंदिर में भगवान नागराज प्रकट दिवस के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मेले 'गौ महोत्सव' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नागराज मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में कथावाचक स्वामी गोपाल मणि जी महाराज की कथा में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागराज मंदिर में पैदल एवं सड़क मार्ग का निरीक्षण कर, मार्गों को शीघ्र विकसित किए जाने की बात कही। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोपाल मणि महाराज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूज्य संत गोपाल मणि महाराज जी के प्रयासों से देश-विदेश में सनातन संस्कृति को संवारने एवं लोगों में गौ सेवा का भाव पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान नागराज जी की महिमा से हम सभी भली-भांति परिचित हैं और इसी कारण यहां देश-विदेश से श्रद्धालु शीश झुकाने आते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में गाय को मां का दर्जा प्राप्त है। गाय हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। जो लोग गाय पालते हैं



उनके पास धन संपदा की कोई कमी नहीं रहती। गौ रक्षा की बात करना हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के डेरी सेक्टर को मजबूत करना, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश सरकार गौ संरक्षण एवं डेरी विकास की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड की स्थानीय संस्कृति तथा धार्मिक आयोजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिये जाने पर कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड से जाकर विदेशों में बसे हमारे प्रतिभाशाली लोग भी अपनी लोक संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि के सभी देव स्थानों, मंदिरों और पूजा स्थलों को विकसित करने और उनका नियमित रख रखाव करने के लिए प्रतिबद्ध है। देवभूमि के प्रसिद्ध मंदिरों के साथ-साथ स्थानीय पूजा स्थलों और पौराणिक स्थलों को भी तीर्थाटन और पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड को देश और दुनिया की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक राजधानी बनाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार, उत्तराखंड के गांवों और युवाओं को जितना हो सके उतना सशक्त बनाए जाने पर कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सुदूर गांवों तक सभी प्रकार की सुविधाएं पहुंचे। देवभूमि के सभी गांव 21वीं सदी के गांव बने। प्रदेश में सैकड़ो दिव्य स्थल एवं पौराणिक धरोहरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य भी तेज़ी से चल रहा है। जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से उत्तराखंड राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर संत गोपाल मणि जी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नागराज मंदिर में आने से इस क्षेत्र के लोगों में खुशी के साथ क्षेत्र के विकास की उम्मीद जगी है। इस दौरान विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## बीएड बेरोजगारों ने प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के घर के बाहर रोपा पौधा

देहरादून। बेसिक शिक्षकों की अधूरी भर्ती को शुरू करने की मांग को लेकर बेरोजगारों ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के सरकारी आवास के बाहर धरना शुरू कर दिया। बेरोजगार ने ऐलान किया हैकि जब तब भर्ती शुरू नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। सोमवार को बीएड प्रशिक्षित महासंघ से जुड़े बेरोजगार सुबह यमुना कालोनी स्थित मंत्री आवास पहुंचे। बेसिक शिक्षक भर्ती शुरू कराने की मांग करते हुए वहीं सडक़ पर धरने पर बैठ गए। इस मौके पर महासंघ के अध्यक्ष सतपाल रावत ने कहा कि दो साल से जारी बेसिक शिक्षक भर्ती में अब तक करीब 70 प्रतिशत नियुक्तियां हो चुकी है। अब केवल करीब 800 पदों पर भर्ती होनी है। मालूम हो कि बेसिक शिक्षक भर्ती में एनआईओएस डीएलएड को शामिल करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में केस विचाराधीन है। एनआईओएस को शामिल करने के हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट स्टे कर चुका है। सतपाल ने कहा कि भर्ती पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है। इसके बावजूद सरकार भर्ती शुरू नहीं कर रही है। महासंघ की महिला अध्यक्ष वंदना तोमर ने कहा कि सरकार भर्ती को लेकर लगातार हीलाहवाली कर रही है। इससे बेरोगारों में मायूसी की स्थिति है। अब जब तक सरकार भर्ती शुरू नहीं करती, तब तक धरना जारी रहेगा। दूसरी तरफ, मंत्री के प्रदेश से बाहर होने की वजह से बेरोजगारों की उनसे बात नहीं हो पाई। आज धरने में ललित उप्रेती,अखिलेश बलोदी, रिंकी, पुष्पा, रिचा, योगराज, सूर्य परमार, दिनेश जीना, नवीन, सुभाष,आशा, बाल कृष्ण, पूजा रानी, योगेश, कैलाश, उमेश, ललित उप्रेती, प्रत्यांजुल डबराल आदि शामिल रहे।

## नर्सेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने सचिव स्वास्थ्य से मुलाकात

देहरादून। नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग से स्वास्थ्य विभाग भेजे गए नर्सिंग अधिकारियों के तबादले पद हस्तांतरण होने पर रोकने की मांग की है। नर्सेज एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को सचिवालय में सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार से मिला। इस दौरान नर्सिंग अधिकारियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत नर्सेज को बिना शासन की इजाजत के स्वास्थ्य विभाग के लिए रिलीव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य महानिदेशालय ने भी नर्सेज को तैनाती नहीं दी जिससे अब उनका वेतन भी नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि जब तक चिकित्सा शिक्षा से नर्सेज के पदों का समायोजन स्वास्थ्य विभाग में नहीं हो जाता। तब तक उनके ट्रांसफर पर रोक लगाई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कर्मचारियों को तैनाती देकर उनका वेतन निकालने का अनुरोध किया। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला ने कहा कि इस वजह से नर्सेज के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के इस निर्णय से नर्सेज में भारी रोष है और अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन की अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला, महासचिव कांति राणा, कोषाध्यक्ष विद्या चौबे आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुरु हरगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आ?त बाजार के तत्वावधान में सिख सेवक जत्थे की तरफ से गुरु हरगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व कथा कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नितनेम के पश्चात चरणजीत सिंह हजूरी रागी जत्थे ने आसा की वार का शब्द जमियां पूत भगत गोविंद का, प्रगटिया सभ महि लिखिया..,का गायन किया। सेवक बावा परिवार की तरफ से रखे हुए श्री अखंड पाठ के भोग डाले गए। बेबे नानकी सेवक जत्थे ने शब्द सतगुरु होइ दयालु त सरधा पुरिए...का गायन किया। गुरदयाल सिंह हजूरी रागी जत्थे ने शब्द ऐसे गुर का बलि बलि जाइए, आपि मुक्त मोहि तारे..का गायन किया। ज्ञानी शमशेर सिंह हैंड ग्रंथी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब का जीवन बड़े उपकार वाला रहा। अमरीश सिंह हजूरी रागी गुरद्वारा गुरु संगत धामावाला ने शब्द अरजन काया पलट कै मुरत.. का गायन किया।